डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## 'राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह' के अवसर पर साहित्य अकादेमी द्वारा पुस्तक प्रदर्शिनी का आयोजन
## प्रदर्शिनी के साथ आयोजित किए जाएँगे साहित्यिक कार्यक्रम

नई दिल्ली, 14 नवंबर 2019। साहित्य अकादेमी द्वारा आज 'राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह' के अवसर पर केंद्रिय पुस्तकालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के संयुक्त तत्त्वावधान में एक पुस्तक प्रदर्शिनी का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया। प्रदर्शिनी का उद्घाटन पूर्वाह्न 11:30 बजे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के उपनिदेशक (प्रचालन) प्रो. टी.सी. काण्डपाल ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. टी.सी. काण्डपाल ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे सच्ची साथी होती हैं और समय बिताने के लिए उनको पढ़ने से बेहतर और कोई साधन नहीं है। उन्होंने सभी से पुस्तकें खरीदने और पढ़ने का आग्रह करते हुऐ कहा कि हमें पुस्तकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वे हमें जीवन में सच्चाई के मार्ग में चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उद्घाटन समारोह में पु.स. समिति, केंद्रीय पुस्तकालय के अध्यक्ष प्रो. एस.पी. सिंह, पुस्ताकालयाध्यक्ष डॉ. नबी हसन, उपपुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. नीरज चौरसिया, प्रो. अनुराग शर्मा एवं साहित्य अकादेमी के बिक्री प्रबंधक नवीन कुमार तथा उनके सहयोगी नंद किशोर, आईआईटी के अन्य संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। ये पुस्तक प्रदर्शिनी 20 नवंबर 2019 तक सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक खुलीं रहेगी।

पुस्तक प्रदर्शिनी में 18 भारतीय भाषाओं की लगभग 1000 पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। 'राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह' के विशेष अवसर पर 14 से 20 नवंबर 2019 तक साहित्य अकादेमी के प्रधान कार्यालय तथा मेट्रो स्टेशन स्थित 'किताबघर' बिक्री केंद्रों पर प्रतिदिन पुस्तकें विशेष छूट के साथ उपलब्ध रहेंगी।

इस अवसर पर आईआईटी स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में साहित्य अकादेमी द्वारा 'साहित्य मंच' एवं 'वृत्तचित्र प्रदर्शन' के कार्यक्रम भी किए जाएँगे। 15 नवंबर 2019 को सायं 4:00 बजे होने वाले 'साहित्य मंच' कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात प्रवासी लेखिका सुषम बेदी करेंगी तथा राम कुमार कृषक, अनुभूति चतुर्वेदी एवं सईद अय्यूब रचना–पाठ करेंगे।

19 नवंबर 2019 को सायं 4:00 बजे साहित्य अकादेमी द्वारा निर्मित प्रख्यात हिंदी कवि केदारनाथ सिंह पर के. विक्रम सिंह द्वारा निर्देशित एवं प्रख्यात उर्दू शायर शहरयार पर ओबैद सिद्दीक़ी द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र प्रदर्शित किए जाएँगे।

के.श्रीनिवासराव

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in




2019.11.14 11:46